


# महापौर ने 54 लाख के निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

## वार्ड क्रमांक 44 में 34 लाख में होगा पेवर्स का काम, वार्ड क्र. 6 साढ़े 20 लाख से बनेगी सीसी सड़क व नाली

नवभारत न्यूज

**सतना, 26 नवम्बर. महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्र. 44 टिकुरिया टोला में 33.95 लाख की लागत से बनने वाली पेवर्स सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इसी कड़ी में वार्ड 6 में 20.62 लाख के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया।**

निर्माण कार्य में समय-सीमा एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। पेवर सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों के आवागमन में सुगमता आएगी तथा जनजीवन और अधिक सुरक्षित व सुविधाजनक होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी विष्णु अग्रवाल, तथा स्थानीय पार्षद श्रीमती अर्चना अनिल गुप्ता



उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त लक्ष्मीकांत, शुभम ताम्रकार, बृजेश अग्रवाल, राजधर त्रिपाठी, शारदा गुप्ता, आकाश गुप्ता, श्रीमती रजनी सोनी, श्रीमती शशि सोनी, श्रीमती कमला जयसवाल सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति के साथ उपस्थित रहे।

### आवागमन में होगी सुविधा

महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने सतना नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 06 में आज ?20 .62 लाख की लागत से होने वाले विभिन्न स्थानों की सीसी रोड,आरसीसी नाली एवं पुलिया मरम्मत कार्यों का भूमि पूजन किया। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही वार्ड के सभी निर्धारित स्थलों पर मरम्मत कार्य प्रारंभ किए जाएंगे। कार्य पूर्ण होने पर मार्ग सुगम होंगे तथा आमजन के आवागमन में अधिक सुविधा प्राप्त होगी।



# बस की चपेट में आकर बालिका गंभीर तौर पर घायल

## जबलपुर में उपचार जारी, आरोपी चालक गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सतना, 26 नवम्बर. रीवा रोड पर कारगिल ढाबे के निकट बुधवार की सुबह उस वक्त गंभीर सड़क हादसा सामने आया जब सात वर्षीय बालिका यात्री बस की चपेट में आकर बुरी तरह घायल हो गई। बालिका की नाजुक हालत को देखते हुए जबलपुर रेफर कर दिया गया।वहीं परिजनों के हंगामे का बाद आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया।**

रीवा रोड पर कारगिल ढाबा के पास बुधवार दोपहर 7 वर्षीय बच्ची श्रष्टि गुप्ता को आर सी टी एस एल की बस ने कुचल दिया। घायल बच्ची को जिला अस्पताल ले जाकर नाजुक हालत में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, टिकुरिया टोला निवासी श्रष्टि गुप्ता अपने पिता के साथ रामपुर बघेलान से बस में सतना लौट रही थी। कारगिल ढाबा के पास बस रुकने पर दोनों उतर गए, लेकिन ड्राइवर की लापरवाही से बस आगे बढ़ गई और बच्ची उसके चपेट में आ गई। पैर बुरी तरह कुचल गया।

### लोगों ने किया हंगामा

हादसे के बाद मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। परिजनों और स्थानीय लोगों ने बस चालक की लापरवाही पर हंगामा किया। सूचना मिलते ही कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी टीम के साथ मौके पर पहुँचे और लोगों को शांत कराया। चालक को पकड़ा गया, बस को जब्त किया गया और मामले की जांच शुरू कर दी गई। वहीं बच्ची को जिला अस्पताल ले जाकर प्राथमिक उपचार किया गया। नाजुक हालत के कारण उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। परिजन बस चालक पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सतना, 26 नवम्बर. मैहर जिले के बदेरा थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 48 घंटे में गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया।**

थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार से प्राप्त जानकारी के अनुसार नाबालिग पीडिता द्वारा अपने परिजनों के साथ थाना पहुंचकर नाबालिग पीडिता द्वारा अपने परिजनों के साथ थाना बदेरा पहुंचकर आरोपी संतोष बुनकर निवासी ककरा के विरूध्द दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पीडिता के द्वारा बताई गई घटना के आधार पर आरोपी के विरूध्द अपराध क्रमांक 291/25 धारा 65(1), 115(2), 351(3), 332(क्ष), 64(2)(द्व) बीएनएस एवं धारा 4(2) पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के संबंध में साक्ष्य संकलन कर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये गये ,जिसमें बुधवार को पुलिस के द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# नाबालिग से दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग के आरोपी को जीवन भर की जेल

## दो वर्ष पुराने चिन्हित एवं जघन?य सनसनीखेज मामले में न्यायालय जारी किया दंडादेश

नवभारत न्यूज

**सतना, 26 नवम्बर. दोस्त की नाबालिग बेटी से दुष्कर्म और अश्लील वीडियो बनाये जाने के जघन्य अपराध में विशेष न्यायालय ( पॉक्सो एक्ट ) सतना के विशेष न्यायाधीश अमर सिंह सिसोदिया ने आरोपी को शेष प्राकृतिक जीवनकाल के कारावास की सजा सुनाई. इस मामले में राज्य की ओर से सहायक संचालक नरेश गुप्ता के निर्देशन में विशेष लोक अभियोजक अनूप गुप्ता ने पैरवी की.**

अभियोजन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 वर्ष से कम आयु की बालिका के साथ बार-बार दुष्कर्म करने, डराने व धमकाने और अश्लील वीडियो बनाने के सनसनीखेज मामले में दोषी करार देते हुए अदालत ने शेख रसूल (45 वर्ष), निवासी छत्तीसगढ़ एवं हाल निवासी बाबूपुर, थाना कोलगवां, सतना को कठोरतम दंड सुनाया है. न्यायालय ने आरोपी को धारा 5(एम)/6 पॉक्सो में आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 50,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया. अभियोजन के तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी को कठोरतम सजा सुनाई गई। धारा 376(2)(एन) भादवि में 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 5,000 रुपये अर्थदंड, धारा 450 व 506(भाग-2) भादवि में 5 वर्ष का सश्रम कारावास व 2,000 रुपये अर्थदंड, धारा 9(एम)/10 पॉक्सो एक्ट में 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10,000 रुपये अर्थदंड, धारा 67-क्ष(ड्ड) आईटी एक्ट में 5 वर्ष व 10,000 रुपये अर्थदंड तथा धारा 66-श्च आईटी एक्ट में 3 वर्ष का कठोर कारावास व 10,000 रुपये अर्थदंड, साथ ही धारा 354 भादवि में 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2,000 रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया है.

### क्या था मामला?

अभियोजन के अनुसार दो साल पहले 25 अगस्त 2023 को पीड़िता ने माता-पिता के साथ थाना कोलगवां में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी, जो उसके पिता का परिचित था, जून 2023 से विभिन्न अवसरों पर घर में अकेली पाकर उसके साथ आपत्तिजनक हरकतें करता रहा. आरोपी ने डराने-धमकाने के साथ ही मोबाइल से वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल किया. 23 अगस्त की रात आरोपी दोबारा हरकत करने आया लेकिन माता-पिता के पहुंचने पर भाग निकला और मोबाइल वहीं छूट गया. मोबाइल की जांच में आपत्तिजनक वीडियो मिलने पर मामला उजागर हुआ.

# कृषि उपज मंडी सतना में साप्ताहिक हाट बाजार का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सतना 26 नवम्बर, राज्य शासन के निर्देशानुसार बुधवार को कृषि उपज मंडी सतना में प्राकृतिक एवं जैविक उत्पाद हाट बाजार का शुभारंभ किया गया।**

कृषि मंडी सतना में सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को हाट बाजार लगाया जायेगा। इस जैविक हाट बाजार का मुख्य उद्देश्य जिले के किसानों द्वारा उत्पादित फल, सब्जियाँ, अनाज, मसाले एवं अन्य कृषि उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुँचाना है। इससे किसानों को उचित मूल्य प्राप्त होगा और उपभोक्ताओं को शुद्ध, ताज़े एवं रसायन-मुक्त उत्पाद उपलब्ध होंगे। उप संचालक कृषि आशीष पाण्डेय ने बताया कि यह पहल




किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करेगी तथा आम नागरिकों को जैविक उत्पादों के प्रति जागरूक बनाएगी। कृषि विभाग अपने विभिन्न कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री हेतु स्टॉल लगाएगा। जिले के नागरिकों, उपभोक्ताओं एवं किसान भाइयों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस जैविक हाट बाजार में शामिल हों एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दें और स्वस्थ जीवनशैली की दिशा में योगदान करें। इस मौके पर सहायक संचालक कृषि राम सिंह बागरी, सोहावल के एसएडीओ राजललन बागरी, इफ्को के क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश मौर्य सहित एईओ और कृषक उपस्थित रहे।


# ट्रेड यूनियन ने काले श्रम संहिताओं की प्रति को जलाया

नवभारत न्यूज

**सतना, 26 नवम्बर. केंद्र सरकार द्वारा लागू किये गए चार श्रम संहिताओं के खिलाफ 26 नवम्बर को देश के सभी ट्रेड यूनियनों द्वारा दिए गए राष्ट्र व्यापी विरोध दिवस को लेकर आज टाउन हॉल से रैली निकालते हुए जोरदार प्रदर्शन करते हुए जिला ट्रेड यूनियन के नेतृत्व में प्रधानमंत्री के नाम पर सिटी मजिस्ट्रेट राहुल तेवतिया को ज्ञापन सौंपा गया।**




टीयूसी महासचिव कॉमरेड संजय सिंह तोमर ने बताया कि इस जनविरोधी कानून के खिलाफ पूरे देश के मजदूरों के अंदर भयानक गुस्सा व्याप्त है, सतना में भी सभी यूनियनों द्वारा स्वतंत्र रूप से 24 से 26 नवंबर तक काली पट्टी बांधकर सेमरिया चौक में काली श्रम संहिताओं की प्रतियो को जला कर आक्रोश व्यक्त किया गया। कॉमरेड तोमर ने मोदी सरकार को आगाह किया कि देश के करो?ों मजदूरों के साथ अन्याय बंद करें वार्ना जैसे अंग्रेजों को देश से खदे? कर भगाया था वैसे ही मोदी सरकार को हटाया जाएगा। आज की बैठक में सतना टीयूसी के संरक्षक हरि प्रकाश गोस्वामी, अध्यक्ष टीपी पाण्डेय, महासचिव संजय सिंह तोमर,सीटू के प्रदेश सचिव तेजप्रताप दुबे,एटक अध्यक्ष अरुण तिवारी, प्रांतीय उप महासचिव राम सरोज कुशवाहा, प्रिज्म सीमेंट का एटक अध्यक्ष, धर्मेंद्र चौधरी, आनंद सिंह, आनंदपाल, रमेश प्रजापति, अल्ट्राटेक सीमेंटएटक अध्यक्ष सुशील सिंह, बलवंत सिंह, संतु पटेल,म.प्र. इटंक के प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर सिंह तिवारी, प्रदेश इंटक के सगंठन मंत्री आदि रहे.




# एकेएस में संविधान दिवस का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सतना, 26 नवम्बर. ए.के.एस. विश्वविद्यालय, सतना के विधि संकाय में संविधान दिवस का शुभ आयोजन अत्यंत अनुशासित, शैक्षणिक और उत्साहपूर्ण वातावरण में गरिमापूर्वक सम्पन्न हुआ।**

कार्यक्रम का संचालन डॉ. सूर्यनाथ सिंह गहरवार ने अपने संयमित, प्रभावशाली और सुसंगत वाक्-प्रवाह से किया, जिससे पूरा आयोजन सजग, सुव्यवस्थित और प्रभावशाली बना रहा। संविधान की मूल भावना से छात्रों को कराया अवगत, विधि संकाय के डीन डॉ सुधीर कुमार जैन ने संविधान की मूल भावना से छात्रों को अवगत कराया। अतिथि परिचय और स्वागत प्रतिकुलपति डॉ. हर्षवर्धन ने दिया। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस के इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संविधान की मूल भावना, उसके आदर्शों, उद्देश्यों तथा नागरिक कर्तव्यों से अवगत कराना है।मुख्य अतिथि रीवा परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री गौरव राजपूत ने भारतीय संविधान के ऐतिहासिक विकास, लोकतांत्रिक संरचना और मानवाधिकारों पर सरल, प्रभावपूर्ण और विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संविधान मात्र एक विधिक संहिता नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा है, जो विविधताओं को न्याय, समानता और एकता के सूत्र में पिरोता है। विशेष अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ. हंसराज सिंह ने युवाओं को संविधान में निहित मूल कर्तव्यों की प्रासंगिकता समझाते हुए राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति उसकी युवा पीढ़ी की संवैधानिक चेतना और दृढ़ नैतिकता पर निर्भर करती है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रेमलाल धुर्वे ने विद्यार्थियों को कानून-व्यवस्था, सामाजिक उत्तरदायित्व और संवैधानिक मूल्य अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए अनुशासनयुक्त जीवन को सफलता का मूलाधार बताया।कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर अनंत कुमार सोनी ने विद्यार्थियों को नशा-मुक्त जीवन के महत्व पर प्रेरक संबोधन देते हुए कहा कि नशा व्यक्ति की क्षमता, व्यक्तित्व और चरित्र का ह्रास करता है तथा परिवार से लेकर राष्ट्र तक की प्रगति में बाधा उत्पन्न करता है।

## एक नजर में



### ब्राम्हण समाज ने आईएएस संतोष वर्मा का पुतला फुंका


**सतना।** आजक्स नव निर्वाचित प्रदेश एवं आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज के बहन - बेटियों के खिलाफ अमर्यादित और अपमान जनक टिप्पणी करने के खिलाफ ब्राह्मण समाज ने धवारी चौराहे में धरना प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। ब्राम्हण संगठनों कलेक्टर सतना के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर आईएएस के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने और बर्खास्त करने की मांग किया।

### ऑफिशियल लैंग्वेज ऑफिसर बनी संजना



**सतना।** प्रिंटर्स एसोसिएशन के सचिव एवं मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा के जिला महामंत्री संजय अग्रवाल आशीर्वाद की सुपुत्री कु. संजना अग्रवाल ने सेंट्रल गवर्नमेंट की मिनिस्ट्री ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सर्वे ऑफिस ऑफ़ इंडिया ब्रांच में ऑफिशियल लैंग्वेज ऑफिसर के रूप में सफलता हासिल की, यह चयन एसएससी द्वारा कराया जाता है, संजना ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, भैया निरुंजय अग्रवाल, असिस्टेंट मैनेजर- बैंक ऑफ़ ब?ोदा, भाभी शिवांगी एवं अपने गुरुजनों को दिया ।

### मनविंदर ने डोनेट किए 50 हजार प्लेटलेट्स



**सतना।** मानवता की सेवा में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन द्वारा सम्मानित संस्था सिन्धु विकास समिति से जुड़े समाजसेवी एवं जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष मनविंदर ओबेरॉय ने जरूरतमंद मरीज के लिए 50 हजार प्लेटलेट्स डोनेट कर जीवन रक्षक योगदान दिया। जानकारी के अनुसार, विगत दिवस बिरला अस्पताल में भर्ती मरीजों को बी पॉजिटिव प्लेटलेट्स की तत्काल आवश्यकता थी। समिति के अध्यक्ष विनोद गेलानी के अनुरोध पर मनविंदर तुरंत आगे आए और बिना देर किए प्लेटलेट्स डोनेट किए।

### बंटी दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य बने

**सतना.** राज्य सभा सांसद विवेक कृष्ण तंखा की अनुशंसा पर केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नियुक्ति पत्र द्वारा संचार मंत्रालय भारत सरकार ने यूथ क्लब प्रदेश अध्यक्ष बंटी वसानी को दूर संचार सलाहकार समिति सतना का टीएसी मेंबर नियुक्त किया गया है यह समिति देश में दूरसंचार की नीतियों, सेवाओं की गुणवत्ता और क्षेत्रीय सुधारों को लेकर सरकार को सुझाव देने का कार्य करती है अपनी नियुक्ति में बंटी वसानी ने राज्य सभा सांसद विवेक कृष्ण तंखा के प्रति आभार व्यक्त किया साथ ही वरिष्ठ समाज सेवीयो ने भी हर्ष व्यक्त किया , अधिवक्ता मुख्तयार अहमद सिद्दीकी , पार्षद रसीद डेंटर पप्पू छतानी ,जय कुमार शर्मा , ,देशराज सिंह पटेल ,राजा शुक्ला ,आशुतोष तिवारी , खुशी व्यक्त की





# मैहर में सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सतना 26 नवम्बर. सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ बुधवार को मैहर के उस्ताद अलाउद्दीन खां स्टेडियम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर विधिवित किया गया।**

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी, पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य तारा विजय पटेल, जयंती महेश तिवारी, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने सहित खिलाड़ी, खेलप्रेमी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। खेल महोत्सव 2025 के आयोजक सांसद सतना लोकसभा क्षेत्र गणेश सिंह ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव देश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया जा रहा है। सांसद श्री सिंह ने कहा कि खेल चाहे राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हो या स्थानीय खेल, ऐसे सभी तरह के खेलों का इस खेल महोत्सव में शामिल करने के निर्देश दिये गये थे। सांसद खेल महोत्सव 2025 में मैहर एवं सतना जिले के 7 हजार 963 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

### नागौद और बिरसिंहपुर में आज

सतना लोकसभा क्षेत्र के सतना जिले में सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ 27 नवम्बर को दोपहर 1 बजे रामना खेल मैदान नागौद में होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, अध्यक्षता विधायक नागौद नागेन्द्र सिंह करेंगे। इसी प्रकार 27 नवम्बर को ही अपरान्ह 3 बजे गैवीनाथ खेल स्टेडियम बिरसिंहपुर में आयोजित सांसद खेल महोत्सव की मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी तथा अध्यक्षता विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार करेंगे।



# लवडेल फुलबाल में उप विजेता रही

नवभारत न्यूज

**सतना, 26 नवम्बर. दि लवडेल स्कूल के सीनियर सेक्शन के फ़ुटबॉल खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए 2025 में रनर-अप का स्थान प्राप्त किया।**

जिला फ़ुटबॉल संघ सतना मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में हमारे खिलाड़ियों की उत्कृष्ट उपलब्धि ने विद्यालय का नाम एक बार फिर गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन के लिए रामायण सिंह सर और आलोक दुबे सर को विद्यालय प्रबंधन की ओर से हार्दिक आभार दिया गया । विद्यालय के डायरेक्टर विनय सिंह और प्राचार्या श्रीमती श्रीति सोम ने पूरी टीम को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी ।

# शहीदी दिवस पर अस्पताल में मरीजों को फल व सेवा संकल्प में भोजन कराया

नवभारत न्यूज

**सतना, 26 नवम्बर. गुरुद्वारा श्री नानक दरबार में गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संगत ने गुरु तेग बहादुर जी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके जीवन के बारे में चर्चा की।**

गुरु तेग बहादुर जी ने अपने जीवन का बलिदान करके सिख समुदाय को एक नई दिशा दी। उन्होंने औरंगजेब के अत्याचारों के



खिलाफ आवाज उठाई और अपने धर्म की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी। उनकी शहादत ने सिखों को अपने धर्म के प्रति और अधिक समर्पित किया और उन्हें अपने अधिकारों के लिए लड़ने के लिए प्रेरित किया। 26 नवंबर 2025 को गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी पर्व के उपलक्ष में जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित और सेवा संकल्प में भोजन की सेवा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरदार लजपाल सिंह भाटिया, मल्कीनंदर सिंह सोई, सरदार कमलजीत सिंह सेठी, त्रिलोचन सिंह बाबा, राजदीप सिंह भाटिया, सरबजीत सिंह जग्गी, गिरीश भवनानी, राहुल गंभीर और मुकेश जोहरानी इत्यादि लोग सेवा में साथ थे गुरु तेग बहादुर जी की शहादत ने सिख समुदाय को एकजुट किया और उन्हें अपने धर्म की रक्षा के लिए एक साथ खड़े होने के लिए प्रेरित किया। उनकी शहादत हमेशा याद रखी जाएगी और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को प्रयास करना चाहिए।